दिन– शनिवार                                                                                    दिनांक– 16 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                                                  अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य में जमीन से जुड़ें जमाबंदी और अन्य दस्तावेज को दुरूस्त के लिए आज से राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने महाअभियान की शुरूआत की है। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा। अभियान के तहत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भू–अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए लोगों के घर–घर जाकर उनके आवेदन स्वीकार करेंगे। साथ ही प्रत्येक हलके में दो–दो शिविर लगाकर भी कागजातों के सुधार का कार्य किया जायेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इसका उद्‌देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और आम लोगों को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण और छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाईन किया जायेगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी अशुद्धियां भी ठीक की जायेंगी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। श्री कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य में अगले छह महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा।

————————————————————————

राज्य में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है। महागठबंधन की ओर से वोट अधिकार यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल रोहतास के सासाराम से यात्रा की शुरूआत करेंगे।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के विशम्भरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिपाया इंजीनियरिंग कॉलेज के पास शराब तस्करों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गयी। मद्य निषेध अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि विभाग की टीम सूचना के आधार पर बलथरी चेक पोस्ट पर जांच अभियान चला

रही थी। इसी दौरान यह घटना घटी है। उन्होंने बताया कि टीम के कुछ और सदस्य घायल हो गये हैं। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

———————————————————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

———————————————————

मॉनसून की सक्रियता में कमी के कारण राज्य के विभिन्न भागों में वर्षा में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना रहा। शिवहर में सबसे अधिक बीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, पूर्णियां और किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण, गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से लेकर कहलगांव तक घटा है। हालांकि पटना के गांधीघाट, हाथीदह, भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है।

———————————————————

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पूण्य तिथि पर याद कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने नई दिल्ली में सदैव अटल स्मारक जाकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, पटना स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

———————————————————